कार्यालय – जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)

// महत्वपूर्ण सूचना //

लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम जशपुर, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) हेतु **ऑफिस प्यून(मुंशी/अटेंडेट)** के पद पर भर्ती के संबंध में अभ्यर्थियों के दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत, पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिला न्यायालय जशपुर के वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है ।

अतः **ऑफिस प्यून(मुंशी/अटेंडेट) के पद हेतु** पात्र पाये गये समस्त अभ्यर्थियों का साक्षात्कार **दिनांक** 07.04.2024 को **प्रातः** 10:00 बजे, **जिला न्यायालय जशपुर के सभागार कक्ष(प्रथम तल)** में लिया जाना सुनिश्चित किया गया है । **यदि उक्त परीक्षा की तिथि में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना कार्यालय के वेबसाईट** https://jashpur.dcourts.gov.in **के माध्यम से दी जाएगी ।**

अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के **01 घंटा पूर्व** परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें ।

अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपने साथ **प्रवेश पत्र** का प्रिन्टआउट, जो कि कार्यालय के वेबसाईट पर अपलोड की गई है तथा अपने परिचय पत्र से संबंधित दस्तावेज यथा–**आधार कार्ड**, **वोटर आई.डी.**, **ड्राईविंग लायसेंस** अथवा **शासकीय कार्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र** भी साथ लेकर उपस्थित रहें ।

अभ्यर्थियों का ध्यान विशेष रूप से इस ओर भी आकृष्ट किया जाता है कि यदि किसी कारणवश नियत तिथि को परीक्षा लिया जाना संभव नहीं होता है तो उसके आगामी दिवस को अभ्यर्थियों की परीक्षा ली जा सकेगी । अतः उक्त संबंध में परीक्षा हेतु अपने रहने, भोजन आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की ही होगी । उक्त संबंध में अभ्यर्थी अपने स्वयं की पूर्व तैयारी से ही आएँगे ।

स्थान–जशपुर ।
दिनांक–30.03.2024

सही/–
(अध्यक्ष)
चयन समिति
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)